# राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

कुम्भा मार्ग, सेक्टर–18, प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर–302033
**Phone:- 0141-2795529, 2791928 ; Website : www.ruhsraj.org**
**Email : ruhsacademic@gmail.com**

क्रमांक : एफ–8(165) / एकेडमिक– I I / राज.स्वा.वि.वि. / 2021 / 30297 दिनांक : 27/02/2021

**सूचना**
**6वां दीक्षान्त समारोह**
**22 मार्च, 2021**

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का **6वां दीक्षान्त समारोह** दिनांक **22 मार्च, 2021(सोमवार)** को **विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः 11:30 बजे** से आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय, राजस्थान द्वारा **ऑनलाईन** माध्यम से निम्नानुसार गोल्ड मेडल प्रदान किये जावेंगे :–

| डिग्री / मेडल | संबंधित पाठ्यक्रम उत्तीर्ण वर्ष |
|---|---|
| Chancellor's Gold Medal in M.Pharma | वर्ष 2018 |
| Gold Medal | मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी तथा पैरामेडिकल संकायों के विभिन्न स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष की परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर वर्ष 2018 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र |

उपरोक्तानुसार मेडल प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थियो को दीक्षान्त समारोह हेतु विश्वविद्यालय परिसर में दि. 22 मार्च, 2021 को आमंत्रित किया जाता है। पात्र अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org पर उपलब्ध है। अतः दीक्षान्त समारोह में डिग्री / मेडल प्राप्त किये जाने हेतु पात्र घोषित किये गये अभ्यर्थी दीक्षान्त समारोह में उपस्थिति हेतु आवेदन फार्म (उपस्थित होने की सहमति बाबत्) विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org से डाउनलोड कर दिनांक 10.03.2021 तक आवश्यक रूप से ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करावें। दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों (केवल उपरोक्तानुसार मेडल प्राप्त करने वाले) के लिए अन्य सूचनाऐं व दिशा–निर्देश यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाईट, ई–मेल आदि के माध्यम से प्रेषित कर दिये जावेंगे।

उक्त ऑनलाईन दीक्षान्त समारोह का लाईव प्रसारण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ruhsraj.org के माध्यम से व अन्य इलैक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से किया जावेगा।

**उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2018 में सभी संकायों (मेडिकल, डेन्टल, फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी एण्ड ऑक्यूपेशनल थैरेपी एवं पैरामेडिकल) के सभी स्तर के विभिन्न कोर्सेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा वर्ष 2019 मे मेडिसिन व फार्मेसी संकाय में पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को दीक्षान्त समारोह की तिथि के बाद संबंधित महाविद्यालय स्तर के दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्रदान की जावेगी। वर्ष 2018 में उत्तीर्ण होने वाले ऐसे सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त समारोह के दौरान प्रदान की जाने वाली दीक्षा हेतु लाईव प्रसारण को देखें एवं दीक्षा प्राप्त करें।**

दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित अन्य जानकारी / सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर समय–समय पर उपलब्ध करा दी जावेगी। आवश्यकता होने पर जानकारी हेतु विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अनुभाग, कमरा नं. 201 से व्यक्तिशः भी सम्पर्क किया जा सकता है।

Helpline Number :
For Convocation related queries/information : 0141-2795529 (Academic Section)
For Degree related query/information 0141-2795534 (Exam Section)

**कुलसचिव**